सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के टैक्सी स्टैण्ड कम् शापिंग काम्पलैक्स के चार तलों में वित्तीय वर्ष 2024–2025 हेतु पार्किंग संचालन के लिए पालिका शर्तानुसार कार्य किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म आदि अपने वित्तीय प्रस्ताव बन्द लिफाफे में दिनॉक 16 मार्च, 2024 पूर्वाहन 11:00 बजे तक नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के तैहबजारी अनुभाग में ड्राप बाक्स में जमा करा सकते है। प्राप्त प्रस्ताव तद्दिनॉक को पूर्वाहन 11:15 बजे खोले जायेगे। पार्किंग संचालन हेतु प्रस्तावित की गई धनराशि में नियमानुसार जी0एस0टी0 एवं अन्य शुल्क पृथक से देय होगें। बन्द लिफाफे में वित्तीय वर्ष 2024–2025 हेतु पार्किंग संचालन के लिए प्रस्तावित धनराशि का स्पष्ट उल्लेख तथा प्रस्तावित धनराशि के 40% धनराशि की एफ0डी0आर0/डीमान्ड ड्राफ्ट, जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा के नाम बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। पार्किंग संचालन हेतु आवंटन का अन्तिम निर्णय गठित समिति द्वारा लिया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा।

प्रशासक,
नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा ।

कार्यालय नगर पालिका परिषद अल्मोड़ा
पत्रांक 6225/30–1/(2023–2024) दिनांक 15 मार्च, 2024

प्रतिलिपि–

1– सम्पादक, दैनिक जागरण एवं अमर उजाला को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त निविदा सूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम पठनीय स्थान अथवा 8X6 वर्ग से0मी0 स्थान पर शासकीय दरों में प्रकाशित कर समाचार पत्र की दो प्रतियों सहित बिल को जिला सूचना अधिकारी अल्मोड़ा से प्रमाणित कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करने का कष्ट करें ।
2– नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
3– नगर पालिका परिषद,अल्मोड़ा नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

15.03

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, अल्मोड़ा।